भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान मोहाली

प्रश्नपत्र : कनिष्ठ अनुवादक (राजभाषा)

24 फरवरी 2025

समय सीमा: 2½ घण्टे

- कुल 60 अंको के इस प्रश्नपत्र में सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। कुल समय सीमा 2½ घण्टे (150 मिनट) है।
- बहु-विकल्पीय प्रश्नों सहित किसी भी प्रश्न के लिए कोई ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं है।
- कार्य साफ़-सुथरा रखें। अपठनीय हस्तलेख होने पर मूल्यांकनकर्ता अंक देने में असमर्थ होगा।

---

1. निम्न टिप्पण का अंग्रेजी में अनुवाद करें। 2 x 3 = 6 अंक
   a. श्री सोहन लाल ने अपनी बीमारी में हुए खर्च के लिए भविष्य निधि खाते में से दो लाख रुपए निकालने की प्रार्थना की है। उनका निवेदन नियमानुकूल है। इसे स्वीकार कर लिया जाए।
   b. यह निर्णय लिया गया है कि पास के गाँव में रह रहे अधिकारी मूल वेतन का 15 प्रतिशत तक मकान किराया भत्ता पाने के हकदार होंगे, बशर्ते वे किराया रसीद प्रस्तुत करें।

2. निम्न टिप्पण का हिन्दी में अनुवाद करें। 2 x 3 = 6 अंक
   a. The competent authority has decided that one of the two posts of Office Assistant in the Stores and Purchase section of the Institute will be made permanent. This post has been in existence for the last two years.
   b. Forwarded herewith is a leave application received from Shri S. Venkata Anjaneya Krishna, a Technical Assistant with the Department of Mathematical Sciences. He may be allowed to leave the station for 5 days with effect from today.

3. निम्न में से प्रत्येक में दो-दो वर्तनी अशुद्धियाँ ढूँढें। 2 x 2 = 4 अंक
   a. दिनांक 24.02.2025 को उपर्युक्त कर्मचारी का स्थानांतरण पुणे कार्यलय में कर दिया गया है। कृपया उन्हें यथाशीघ्र तदनानुसार सूचित करें।
   b. माननीय उपराष्ट्रपति का स्वागत करते हुए संस्थान के निर्देशक प्रो. त्रिपाठी ने समाज में विज्ञान की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला और इस दिशा में सार्थक संवाद पर बल दिया।

4. 'मैं आज खाना नहीं खाऊँगा', यह वाक्य है ? 1 अंक

   a. विधिवाचक
   b. आज्ञावाचक
   c. निषेधवाचक
   d. संकेतवाचक

5. निम्न में से कौन सा शब्द अशुद्ध है ? 1 अंक

   a. वार्षिक
   b. सप्ताहिक
   c. दैनिक
   d. मासिक

6. निम्न में से कौन से शब्द का अर्थ बाकी शब्दों के अर्थ से भिन्न है? 1 अंक

   पावक, अनिल, ज्वाला, तप, दाह

7. 'कवि' का स्त्रीलिंग रूप है ? 1 अंक

   a. कवियत्री
   b. कवयित्री
   c. कवियित्री
   d. कवयत्री

8. निम्न विज्ञापन का हिन्दी अनुवाद करें। 10 अंक

Admissions to PhD Program January 2025. Applications are invited from prospective candidates for admission to the PhD program at IISER Mohali in Biological Sciences, Chemical Sciences, Physical Sciences, Mathematical Sciences, Earth and Environmental Sciences, and Humanities and Social Sciences for the session beginning January 2025. Candidates interested in pursuing research in interdisciplinary areas are also encouraged to apply. Additional details are available on the website of the Institute.

Eligibility Criteria. The applicant should have a Masters / B.Tech / MBBS / M.Tech degree with good academic record and should be CSIR-UGC-JRF / DST-INSPIRE qualified in the relevant subject or a recipient of other national level fellowships or sponsored fellowships from private or state agencies.

9. निम्न ई-मेल का हिन्दी अनुवाद करें। 10 अंक

Dear Sir/Madam,

The Ministry of Education seeks information related to academic and research collaboration in the field of nanotechnology. A format is attached herewith for the kind perusal of the faculty of the Biological Sciences and Chemical Sciences departments. All concerned faculty members with research interest in nanotechnology and having collaboration with research groups in France, USA or Germany are requested to kindly furnish the information in the prescribed format by 3:30 PM today.

Sincerely,

Ramesh Prakash Verma, Dean (Academics) office

10. निम्न के लिए हिन्दी शब्द/शब्दावली लिखें। 2 x 5 = 10 अंक

a. Commission for Scientific and Technical Terminology
b. Biodiversity
c. Climate change
d. Gravitational force
e. Chemical bond

11. निम्न के लिए अंग्रेजी शब्द/शब्दावली लिखें। 2 x 5 = 10 अंक

a. समानुपातिक
b. भौतिकी
c. संगणक
d. संश्लेषण
e. परमाण्विक